# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# मानसून से पूर्व अधिकारी तैयारी कर लें

■बैठक में 25 मई तक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश



अधिकारियों की बैठक लेते डीएम मंगेश घिल्डियाल।

**संवाददाता**

देहरादून/रुद्रप्रयाग। डीएम मंगेश घिल्डियाल ने जिला कार्यालय सभागार में मानसून से पूर्व विभिन्न विभागों की ओर से की जानी वाली तैयारियों को लेकर बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मानसून से पूर्व जो तैयारियां की जानी है, वे संबंधित विभाग 25 मई तक अपनी कार्य योजना तैयार कर लें, ताकि मानसून प्रारम्भ होने के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त सम्पत्तियों का स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल स्टीमेट तैयार करें। इसके साथ ही सभी उप जिलाधिकारी को नदी के समीप बने मकानों का चिन्हिकरण कर उन भवन स्वामियों के नाम एवं मोबाइल नम्बर व संख्या को 25 मई तक उपलब्ध कराने को कहा। ताकि नदी के जल स्तर बढने पर भवन स्वामियों को सूचित कर सुरक्षित स्थान पर ठहराया जा सके। इसके अलावा आपदा के दौरान भवन क्षतिग्रस्त, फसल सहित अन्य मुआवजे का वितरण मौके पर ही करने के लिए कहा।

डीएम ने लोक निर्माण विभाग सहित पीएमजीएसवाई एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के दौरान बंद सड़कों को समय पर खोल दिया जाय और कहा कि यदि सड़क खुलने में समय लगता है तो यात्रियों के लिए पानी और भोजन की व्यवस्था की जाय। मानसून सत्र के दौरान सभी अधिकारी अपने मोबाइल फोन ऑन रखे और संवेदनशील स्थलों पर जेसीबी तैनात रखने, जेसीबी ऑपरेटर के फोन नम्बर अपडेट करने के भी निर्देश दिए।

# कांग्रेस ने असल मुद्दों पर चुनाव लड़ाः मनीष खंडूड़ी

**संवाददाता** देहरादून/पौड़ी। पौड़ी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार मनीष खंडूड़ी का दावा है कि लोकसभा चुनाव 2019 के परिणाम उनके लिए पॉजिटिव होंगे और केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी। कोटद्वार समेत पौड़ी लोकसभा क्षेत्र के तमाम इलाकों का भ्रमण कर रहे मनीष खंडूड़ी का कहना है कि ये चुनाव उनके लिए एक नई शुरुआत है। इससे उत्तराखंड से उनका रिश्ता और भी गहरा होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने असल मुद्दों पर चुनाव लड़ा है और जनता इस बात को समझती है।

कहा कि कांग्रेस मुद्दों पर आधारित चुनाव लड़ती है वहीं विपक्षी दल जनता को मुद्दों से भटकाने का काम करता है। मनीष ने कहा कि गढ़वाल और उत्तराखंड से उनका जो संबंध रहा है, उसे वह जोर–शोर से और आगे लेकर जाएंगे। बता दें पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा सांसद रहे बीसी खंडूड़ी के पुत्र मनीष खंडूड़ी ने चुनाव से पहले राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस का हाथ थामा। खंडूड़ी के सामने बीजेपी के तीरथ सिंह रावत चुनाव मैदान में हैं।

# वो दिन दूर नहीं जब सरकार को जनता आईसीयू में पहुंचा देगी

**रोष**

## 108 सेवा के बर्खास्त कर्मियों के समर्थन में उतरे दिवाकर भट्ट



108 सेवा के बर्खास्त कर्मियों के समर्थन में धरना स्थल पर सभा को संबोधित करते दिवाकर भट्ट।

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश में सरकार की मनमानी के चलते 108 सेवा के बर्खास्त किए गए कर्मचारियों के समर्थन में उक्रांद सुप्रीमो फील्ड मार्शल दिवाकर भट्ट प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए फील्ड में उतरे। दिवाकर भट्ट दल के संरक्षक काशी सिंह ऐरी, वरिष्ठ नेता लताफत हुसैन, कार्यकारी अध्यक्ष हरीश पाठक, जयदीप भट्ट, महानगर अध्यक्ष संजय छेत्री, जिला अध्यक्ष विजय बौड़ाई, हरिद्वार के जिला अध्यक्ष राकेश राजपूत, केंद्रीय संगठन सचिव मनोज ममगाई सहित 50 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और 108 कर्मियों के समर्थन में धरने दिया।

108 कर्मियों के आंदोलन में जोश भरते हुए उन्होंने कहा कि कर्मचारी को बर्खास्त करके सरकार ने नियम विरुद्ध कार्य किया है। अगर कभी एक कंपनी बंद होने पर दूसरी कंपनी द्वारा उसे अधिग्रहित किया जाता है तो नियमानुसार कंपनी के कर्मचारियों के भविष्य को ध्यान में रखना पहली शर्त होती है। लेकिन लगभग 11 वर्षों से 108 जीवनदायिनी सेवा को अपनी सेवाएं दे रहे कर्मचारियों की भविष्य की अनदेखी करके बाहरी कंपनी को कार्य सौंपना प्रदेश सरकार की बेरोजगारों के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शीघ्र ही पुराने वेतनमान में 108 कर्मियों को समायोजित नहीं किया गया तो वह दिन दूर नहीं जब सरकार को इसी 108 एंबुलेंस में डालकर जनता आईसीयू तक पहुंचा देगी।

आंदोलनरत कर्मचारियों को संबोधित करते हुए दल के संरक्षक काशी सिंह ऐरी ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही राज्य में बेरोजगारों की फौज खड़ी करने की जिम्मेदार हैं। उन्होंने कांग्रेस पर 108 कर्मियों को समर्थन के बहाने राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के जमाने में ही ठेका प्रथा की शुरुआत हुई थी। आज 108 कर्मचारियों की बदहाल स्थिति के लिए कांग्रेस भी पूरी तरह जिम्मेदार है। वरिष्ठ नेता लताफत हुसैन ने भी धरने को संबोधित किया।

## न्यूज डायरी

### हेमकुंड में अभी भी दस फीट बर्फ, कपाट खुलने तक पूरी बर्फ हटाना अंसभव

**संवाददाता** देहरादून/जोशीमठ। इस बार हेमकुंड साहिब की तीर्थयात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों को तीन मीटर तक बर्फ की टनल से गुजरना पड़ेगा। हेमकुंड साहिब में दस फीट तक बर्फ जमी हुई है। एक जून को कपाट खुलने तक आस्था पथ से पूरी बर्फ को हटाया जाना आसान नहीं है, लिहाजा तीर्थयात्रियों को गुरुद्वारे तक पहुंचने के लिए लगभग तीन मीटर तक बर्फ की टनल से गुजरना पड़ेगा। हेमकुंड साहिब की तीर्थयात्रा आगामी एक जून से शुरू होगी। यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले गुरुद्वारों में यात्रा की तैयारियां पूरे जोरशोर से चल रही हैं। हेमकुंड साहिब आस्था पथ अभी भी तीन किलोमीटर तक बर्फ में ढका हुआ है। यहां सेना के जवानों द्वारा बर्फ हटाने का काम किया जा रहा है। हेमकुंड साहिब में अभी भी दस फीट तक बर्फ जमी होने से सेना के जवानों और सेवादारों को कड़ाके की ठंड में भी पसीना बहाना पड़ रहा है।

### कैदियों के परिजनों को दी जायेगी विधिक जानकारी

**संवाददाता** देहरादून/रुद्रप्रयाग। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष हरीश कुमार गोयल की अध्यक्षता में पराविधिक स्वयं सेवक एवं पैनल अधिवक्तागण की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती आरती सरोहा ने पीएलवी द्वारा विगत माह में सम्पादित किये गये कार्यो की समीक्षा की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों के लिए ग्रामीण विधिक सहायता केन्द्र स्थापित किये गये हैं, जिनमें पीएलवी गण को निर्देश किया गया कि जरूरत मन्द लोगों को अपने स्तर से या फिर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता एवं विधिक जानकारी देना सुनिश्चित करें।

### शक्ति पम्पस का लाभ 45.08 करोड़ और ऑपरेटिंग लाभ 92.97 करोड़ पहुंचा

देहरादून। भारत के अग्रणी एनर्जी एफीशिएंट स्टेनलेस स्टील सोलर इंटीग्रेटेड पंप एवं पॉवर इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट जैसे वैरिएबल फ्रीक्वेंसी ड्राइव (वीएफडी), हाइब्रिड इनवर्टर, मोटर स्टार्टर बनाने वाली शक्ति पम्पस (इंडिया) लिमिटेड जो 125 देशों में अपने उत्पादों को निर्यात करती है, ने अपने वार्षिक वित्तीय नतीजों की घोषणा करते हुए बताया कि कंपनी ने बीते वर्ष के रुपये 440.10 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2019 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में वार्षिक टर्नओवर रुपये 550.25 करोड़ रहा, यानि 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है तथा नेट लाभ में 29 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की जो रुपये 45.08 करोड़ रहा।

# गोल्ज्यू देवता के दरबार में लगाई अर्जी

**फरियाद**

देहरादून। **संवाददाता**

जीवनदायनी सेवा 108 व खुशियों की सवारी के निकाले गए फील्ड कर्मी सरकार से निराश होकर अब न्याय के देवता गोल्ज्यू महाराज के दरबार में पहुँचे हैं।

ग्यारह सालों से जीवनदायनी को जीवन देने वाले कर्मी विगत ग्यारह दिनों से बेरोजगार हो गए हैं। रोजी रोटी का संकट गहराने के कारण एम्बुलेंस सेवा 108 एवं खुशियों की सवारी के 717 पूर्व कर्मी देहरादून में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इनकी मांग कोई बहुत बड़ी नहीं है ऐसा भी नहीं कि पूरी नहीं की जा सकती लेकिन

**न्याय के देवता गोल्ज्यू महाराज हमारी पुकार को सुनना**

अल्मोड़ा स्थित न्याय के देवता गोल्ज्यू महाराज के मंदिर में बेरोजगार हुए 108 के कर्मियों ने अपनी अर्जी लगाई है। इन पीड़ित कर्मियों ने अपनी अर्जी में कहा कि हे न्याय के देवता गोलज्यू महाराज हमारी पुकार को सुनना हमने निस्वार्थ भाव से उत्तराखंड की जनता की सेवा एवं आपके भक्तों की सेवा की है। उत्तराखंड की सरकार ने हमें नौकरी से निकाल दिया, बस आप ही हमें न्याय दिलाना। मान्यता है की अल्मौड़ा में स्थित गोल्ज्यू देवता के मंदिर में मनौती मांगने के लिए भक्त मंदिर में अपनी अर्जी लगाते हैं और गोल्ज्यू देव उनकी मनोकामना पूरी करते हैं।

राज्य सरकार ही इस गंभीर मसले पर आंख मूंद कर बैठ गई।

नौकरी जाने से सिर्फ 717 लोग ही प्रभावित नहीं हुए बल्कि उनके साथ उनके परिवार के लिए भी रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

धरना दे रहे कर्मियो का कहना है कि सरकारी तंत्र से लेकर मंत्री, सीएम तक गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, अब सिर्फ भगवान का ही सहारा है।

# जो सत्गुरू को निरंकार समझता उसी का जीवन कल्याणमय होता



सत्संग कार्यक्रम में प्रवचनों का आनंद लेते भक्त।

**संवाददाता** देहरादून। सन्त निरंकारी मण्डल के तत्वाधान में आयोजित रविवारीय सत्संग में रैस्ट कैम्प स्थित निरंकारी भवन में दिल्ली निरंकारी मंडल से पधारे महात्मा डा0 जगन्नाथ हंस ने कहा कि जो सत्गुरू को निरंकार समझता है, उसी का जीवन कल्याणमय होता है। सत्गुरू के तीन रूप होते है। पहला स्वयं सत्गुरू, दूसरा साध संगत और तीसरा प्रकृति के समस्त जड़ चेतन और सम्पूर्ण ब्रहमाण्ड। इसी का बोध सत्गुरू कराता है। उन्होंने कहा सत्गुरू बाबा का जन्म 23 फरवरी 1954 को हुआ।